टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम

ओलंपियन और विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता तीरंदाज़ अतनु दास को **टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (TOPS)** में फिर से शामिल किया गया है।

- TOPS में शामिल होने वाले अन्य बड़े नामों में शामिल हैं- राइफल शूटर **मेहुली घोष** और 15 वर्षीय **तिलोत्तमा सेन, जिन्होंने मिस्र के काहिरा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन विश्व कप 2023 में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्द्धा में कांस्य पदक जीता था।**
- TOPS कोर और डेवलपमेंट लिस्ट में **कुल 27 नए नाम शामिल किये गए, जिससे अब TOPS एथलीटों की कुल संख्या 270 (कोर में 101, डेवलपमेंट में 169) हो गई है।**

टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (TOPS):

- **परिचय:**
  - **ओलंपिक** और **पैरालंपिक में भारत के बेहतर प्रदर्शन के लिये युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय** (MYAS) ने सितंबर 2014 में टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (TOPS) की शुरुआत की।
    - **TOPS के एथलीटों को प्रबंधन और समग्र समर्थन** प्रदान करने के लिये तकनीकी सहायता टीम स्थापित करने की दृष्टि से **अप्रैल 2018 में इसे नया रूप दिया गया** था।
- **उच्च प्राथमिकता वाले खेल:**
  - **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय 'उच्च प्राथमिकता' वाले खेलों (तीरंदाज़ी, बैडमिंटन, मुक्केबाज़ी, हॉकी, निशानेबाज़ी और कुश्ती)** में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने पर ज़ोर देने के साथ **TOPS के सदस्यों की नियुक्ति** हेतु उत्तरदायी है।
- **हाल की सफलता:**
  - TOPS प्रायोजित एथलीटों ने **वर्ष 2016 के रियो ओलंपिक और वर्ष 2018 के राष्ट्रमंडल खेलों में अपेक्षित सफलता प्राप्त की।**
    - **पी वी सिंधु और साक्षी मलिक** ने **वर्ष 2016 रियो ओलंपिक** में बैडमिंटन एवं कुश्ती में क्रमशः **रजत तथा कांस्य** पदक जीता।
    - वर्ष 2016 के पैरालंपिक खेलों में **TOPS एथलीटों ने योजना की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करते हुए 2 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य** जीते।
  - राष्ट्रमंडल खेलों में जिन 70 एथलीटों ने पदक जीते, उनमें से **47 को टॉप योजना के तहत पुरस्कृत किया गया था।**
- **मिशन ओलंपिक सेल:**
  - **मिशन ओलंपिक सेल (MOC)** एक समर्पित निकाय है जो उन एथलीटों की सहायता के लिये बनाया गया है जिन्हें TOPS के तहत चुना गया है।
    - मिशन ओलंपिक सेल **महानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण (DG, SAI) की अध्यक्षता में** कार्य करता है।
- **राष्ट्रीय खेल विकास निधि (NSDF):**
  - **राष्ट्रीय खेल विकास निधि (NSDF)** की स्थापना नवंबर, 1998 में पूर्त विन्यास अधिनियम, 1890 के तहत **देश में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य** से की गई थी।
  - **NSDF** सभी खेलों में TOPS के कार्य में महत्त्वपूर्ण रहा है।
- **आगामी ओलंपिक कार्यक्रम:**
  - **ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2024: पेरिस, फ्राँस**
  - **शीतकालीन ओलंपिक 2026: मिलान-कॉर्टिना डी एम्पेज़ो, इटली**
  - **ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2028: लॉस एंजिल्स, संयुक्त राज्य अमेरिका**
  - **ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2032: ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया**

खेलों के प्रसार को बढ़ावा देने में सरकार की पहल:

- समग्र शिक्षा अभियान
- फिट इंडिया मूवमेंट
- खेलो इंडिया

- **SAI प्रशिक्षण केंद्र योजना**
- **राष्ट्रीय खेल प्रतिभा खोज योजना**
- **राष्ट्रीय खेल पुरस्कार योजना**
- **राष्ट्रीय युवा महोत्सव**

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

?????????:

प्रश्न. 32वें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस ओलंपिक का आधिकारिक आदर्श वाक्य **'एक नई दुनिया (अ न्यू वर्ल्ड)'** है।
2. इस ओलंपिक में स्पोर्ट क्लाइंबिंग, सर्फिंग, स्केटबोर्डिंग, कराटे और बेसबॉल शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

उत्तर: (b)

स्रोत : इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/target-olympic-podium-scheme-1